प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

31 मई 2021

**बैंक ऋण का क्षेत्र-वार विनियोजन – अप्रैल 2021**

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन संबंधी आंकड़े विवरण I और II में दिए गए हैं, जो अप्रैल 2021 माह हेतु सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

**बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं :**

- वर्ष-दर-वर्ष (वाई-ओ-वाई) आधार पर, खाद्येतर बैंक ऋण[1] वृद्धि अप्रैल 2020 में 6.7 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल 2021 में 5.7 प्रतिशत रही।
- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों में ऋण वृद्धि अप्रैल 2020 में 4.7 प्रतिशत से अप्रैल 2021 में बढ़कर 11.3 प्रतिशत हो गई।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अप्रैल 2020 में 1.7 प्रतिशत से अप्रैल 2021 में घटकर 0.4 प्रतिशत रह गई। हालांकि, अप्रैल 2021 में मझोले उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 43.8 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले उसमें 6.4 प्रतिशत की कमी आई थी। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अप्रैल 2021 में बढ़कर 3.8 प्रतिशत हो गई जिसमें एक साल पहले 2.2 प्रतिशत की कमी आई थी, जबकि बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 1.9 प्रतिशत की कमी आई जिसमें एक साल पहले 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।
- उद्योग के भीतर, 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कपड़ा', 'रत्न और आभूषण', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', तथा 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' हेतु प्रदत्त ऋण में अप्रैल 2021 में गत वर्ष के इसी माह की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, 'खनन और उत्खनन', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'पेट्रोलियम कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'रबर, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', तथा 'निर्माण' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई।

---

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- सेवा क्षेत्र की ऋण वृद्धि अप्रैल 2020 में 10.6 प्रतिशत से अप्रैल 2021 में घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई, जो मुख्य रूप से एनबीएफ़सी की ऋण वृद्धि में गिरावट और परिवहन ऑपरेटर को प्रदत्त ऋण में सीमांत कमी आने की वजह से है। हालांकि, व्यापार खंड को प्रदत्त ऋण में बेहतर प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें एक साल पहले 8.7 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल 2021 में 10.5 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई।
- व्यक्तिगत ऋणों में एक साल पहले के 12.3 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल 2021 में 12.6 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से वाहन ऋणों, स्वर्ण आभूषण के बदले में प्रदत्त ऋणों और क्रेडिट कार्ड बकाया में तेज वृद्धि की वजह से है।

**(योगेश दयाल)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/293**

मुख्य महाप्रबंधक